पत्र सं0-स्था-5(ग)-ज्येष्ठता सूची-आशुलिपिक संवर्ग-2020-21// 1888 //वाणिज्य कर

**कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश**
**(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)**
**लखनऊ :: दिनांक :: 25 सितम्बर, 2020**

**समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर (कार्यपालक)**
**वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।**

अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली-1991 के अन्तर्गत वाणिज्य कर विभाग, उ0प्र0 में दिनांक 31-03-2011 तक मौलिक रुप से नियुक्त 554 कार्मिकों की अंतिम ज्येष्ठता सूची कार्यालय ज्ञाप संख्या-3766 दिनांक 01-12-2015 को जारी की गयी थी। इस ज्येष्ठता सूची में कतिपय 05 कार्मिकों के नाम सम्मिलित होने से छूट जाने के कारण कार्यालय ज्ञाप संख्या-6510 दिनांक 22-03-2017, कार्यालय ज्ञाप संख्या-2913 दिनांक 22-08-2017 एवं कार्यालय ज्ञाप संख्या-5522 दिनांक 29-12-2017 द्वारा नइ कार्मिकों का नाम भी सम्मिलित करते हुए उनकी ज्येष्ठता अवस्थित की जा चुकी है

उपरोक्तानुसार जारी की गयी ज्येष्ठता सूची के विरुद्ध पुनः निम्नलिखित कार्मिकों द्वारा आपत्तियाँ प्रस्तुत की गयी है, जिन्हें उपलब्ध कराये गये साक्ष्यों के आधार पर संशोधित किया जाना अपेक्षत है:-

| क्रम0सं0 | ज्ये0 सू0क्र0 | कर्मचारी का नाम/पदनाम | कार्यालय टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1 | 283 | श्री अशोक कुमार सिंह, वाणिज्य कर अधिकारी | उपलब्ध कराये गये साक्ष्य के अनुसार प्रस्तावित संशोधन कर्मचारी का नाम अशोक सिंह पुत्र श्री बेचू सिंह ज्येष्ठता सूची में किया जा रहा है। |
| 2 | 338 | श्री पुत्ती लाल, वैयक्तिक सहायक ग्रेड-1 | ज्येष्ठता सूची में गृह जनपद रायबरेली तथा शैक्षिक योग्यता एल0एल0बी0 अंकित की जा रही है। |
| 3 | 372 | श्रीमती शिखा पाण्डेय, वै0सहा0 ग्रेड-1 | ज्येष्ठता सूची में नाम SMT. SHIKHA PANDEY तथा पति का नाम बृजेश कुमार पाण्डेय किया जा रहा है। |
| 4 | 382<br>383<br>385<br>386 | 1- श्री सुनील कुमार शर्मा, वैयक्तिक सहायक ग्रेड-1, गाजियाबाद।<br>2- श्रीमती अर्चना शर्मा, वैयक्तिक सहायक ग्रेड-1 गाजियाबाद।<br>3- श्री राजीव श्रीवास्तव, वैयक्तिक सहायक ग्रेड-1 गाजियाबाद।<br>4- श्री राजेश कुमार, वैयक्तिक सहायक ग्रेड-1 गाजियाबाद। | जन्म तिथि तथा नियुक्ति तिथि के अनुसार श्री अरुण कुमार की ज्येष्ठता इन कार्मिकों से नीचे रखी जा रही है। |
| 5 | 393 | श्री रमेश कुमार, वैयक्तिक सहायक ग्रेड-1 | श्री शिव कुमार की जन्म तिथि 17-03-1977 तथा श्री रमेश कुमार की जन्म तिथि 05-07-1976 होने के कारण श्री रमेश कुमार का नाम श्री शिव कुमार से ऊपर रखा जा रहा है। |
| 6 | 468 | श्री हेमराज सिंह, वैयक्तिक सहायक ग्रेड-1 | श्री हेमराज की नियुक्ति की तिथि 16-06-2003 के अनुसार ज्येष्ठता रखी जा रही है। |
| 7 | 497 | श्री अनिरुद्ध प्रताप सिंह, वैयक्तिक सहायक ग्रेड-2 | ज्येष्ठता सूची में कर्मचारी की मौलिक नियुक्ति की तिथि 27-06-2003 के अनुसार ज्येष्ठता रखी जा रही है। |
| 8 | 532 | श्री सुनील कुमार यादव, वैयक्तिक सहायक ग्रेड-2 | कर्मचारी की मौलिक नियुक्ति की तिथि 13-09-2007 के अनुसार ज्येष्ठता रखी जा रही है। |

श्री रंजन
25/09/20

उपरोक्तानुसार कार्मिकों की आपत्तियों का निस्तारण करते समय यह तथ्य प्रकाश में आया कि विभाग में एक ही तिथि को एक से अधिक कार्मिक नियुक्त होने पर अधिक आयु वाले आशुलिपिक की ज्येष्ठता ऊपर रखी गयी है जबकि दिनांक 01-12-2015 को जारी की गयी 554 आशुलिपिक संवर्ग के कार्मिकों की ज्येष्ठता सूची प्रत्यक्ष रुप से त्रुटिपूर्ण है क्योंकि

ज्येष्ठता क्रमांक 463 को उनके साथ नियुक्त होने वाले कार्मिकों की जन्म तिथि के अनुसार नहीं रखा गया है, ज्येष्ठता क्रमांक 489, 490 व 491 को उनके साथ नियुक्त होने वाले कार्मिकों की जन्म तिथि के अनुसार नहीं रखा गया है, ज्येष्ठता क्रमांक 495 को उनके साथ नियुक्ति होने वाले कार्मिकों की जन्म तिथि के अनुसार ज्येष्ठता क्रमांक में नहीं रखा गया है। ज्येष्ठता क्रमांक 517 पर श्री संतोष कुमार की नियुक्ति तिथि 07-11-2007 के स्थान पर 11-07-2007 अंकित है तथा ज्येष्ठता क्रमांक 381 पर अवस्थित श्री अरुण कुमार की नियुक्ति की तिथि 23-03-1999 तथा जन्म तिथि 21-06-1977 अंकित है जबकि इसी तिथि को नियुक्त अन्य कार्मिकों की ज्येष्ठता क्रमांक 382 से 386 पर अंकित सभी कार्मिक अपनी जन्म तिथि के अनुसार अपनी आयु में श्री अरुण कुमार से अधिक है तथा क्रमांक 483 पर अंकित श्री राजकुमार वर्मा, 489 पर अंकित श्री रज्जन सिंह तथा क्रमांक 490 पर अंकित श्री सुरेश चन्द्र को उनके साथ नियुक्त होने वाले कार्मिकों की जन्म तिथि के अनुसार नहीं रखा गया है। इसी प्रकार दिनांक 30-06-2003 तक के नियुक्त आशुलिपिको को ज्येष्ठता क्रमांक 495 तक में रखा गया है जबकि दिनांक 30-06-2003 को ही नियुक्त श्री इन्द्रदेव प्रसाद तथा श्री राम दरश की ज्येष्ठता 502 तथा 503 पर रखी गयी है। एक अन्य कार्मिक श्री सुरेश कुमार की भी ज्येष्ठता 515 पर रखी गयी है। इस प्रकार ज्येष्ठता क्रमांक 504 से 514 तक अवस्थित रखे गये कार्मिक ज्येष्ठता क्रमांक 515 पर अंकित आशुलिपिक श्री सुरेश कुमार से ज्येष्ठता क्रम में नीचे अवस्थित होने चाहिए। ज्येष्ठता क्रमांक 505 पर अंकित श्री वीरेन्द्र पाल सिंह की नियुक्ति की तिथि 17-07-2003 है जबकि इन्हें क्रमांक 510 पर अंकित श्रीमती वाणी कुमारी से नीचे अवस्थित होना चाहिए। इसी प्रकार ज्येष्ठता क्रमांक 516 पर अंकित कार्मिक की ज्येष्ठता भी त्रुटिपूर्ण रखी गयी है।

अतः उपरोक्त आपत्तियों एवं प्रकाश में आयी त्रुटियों के दृष्टिगत दिनांक 01-12-2015 को जारी की गयी 559 कार्मिकों की ज्येष्ठता सची उपरोक्तानुसार संशोधनोपरान्त पुनः अनन्तिम रुप से संलग्न कर जारी करते हुए 15 दिनों के अन्दर आपत्तियॉं आमन्त्रित की जाती हैं।

आपसे यह भी अपेक्षा की जाती है कि संलग्न सूची का जनपद/सम्भाग तथा जोन स्तर पर भली-भॉंति परीक्षण करा लिया जाए तथा सम्बन्धित कार्मिकों को अवलोकित भी करा दिया जाए। यदि किसी कार्मिकों के सेवाभिलेखों में अंकित विवरण का सत्यापन संलग्न सूची में अंकित विवरण से नहीं होता है तो उसका सत्यापित सेवाविवरण मुख्यालय को सुसंगत साक्ष्यों सहित प्रत्येक दशा में दिनांक 12-10-2020 तक उपलब्ध करा दिया जाए।

आप अवगत हैं कि एक बार ज्येष्ठता सूची को जारी कर दिये जाने के उपरान्त यदि किसी कार्मिक की ज्येष्ठता त्रुटिपूर्ण निर्धारित होने के कारण वह देय पदोन्नति सम्बन्धी लाभ से वंचित होता है अथवा उसे त्रुटिपूर्ण पदोन्नति प्राप्त हो जाती है तो यह अनावश्यक विवाद का विषय बनता है। इससे राजकीय कार्य में भी अवरोध उत्पन्न होता है। अतः प्रकाशित की जा रही अनन्तिम ज्येष्ठता सूची के सम्बन्ध में उक्त निर्धारित तिथि तक यदि किसी कार्मिक की आपत्ति/संशोधन हेतु सत्यापित सेवाविवरण प्राप्त नहीं होता है और ज्येष्ठता सूची अंतिम रुप से जारी कर दी जाती है तो निर्धारित समयावधि उपरान्त प्राप्त होने वाली आपत्ति/ त्रुटि के संबंध में कोई प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं होगा। अन्तिम रुप से ज्येष्ठता जारी किये जाने उपरान्त उसमे किसी प्रकार का संशोधन नहीं किया जाएगा। इसके लिए सम्बन्धित कर्मचारी स्वयं जिम्मेदार होगा।

संलग्नक:-उपरोक्तानुसार। (559 कार्मिकों की अनन्तिम सूची)

(सूर्यमणि लालचंद)
एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृष्ठांकन पत्र संख्या एवं दिनांक उक्त।

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को 559 कार्मिकों की अनन्तिम सूची सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
2- ज्वाइन्ट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर, मुख्यालय को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।
3- समस्त आहरण वितरण अधिकारी, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

